भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2558

उत्तर देने की तारीख 24 मार्च, 2022

3 चैत्र, 1944 (शक)

दिव्यांग खिलाड़ियों का प्रदर्शन

2558. श्री नीरज डांगीः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में विभिन्न दिव्यांग खिलाड़ियों द्वारा राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतिस्पर्धाओं में प्रदर्शन की स्थिति क्या रही है;

(ख) सरकार द्वारा देश में विभिन्न दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त खेल प्रशिक्षण और सुविधाएं प्रदान करने के लिए कौन-सी योजनाएं चलाई जा रही हैं; और

(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इस योजना के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, राज्य स्तर पर खेलों का विकास संबंधित राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आता है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का डेटा नहीं रखता है।

(ख) और (ग): मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की विभिन्न स्कीमों के तहत दिव्यांग खिलाड़ियों को सहायता प्रदान की जा रही है। दिव्यांग खिलाड़ियों के बीच खेलों के संवर्धन के लिए, साई ने साई क्षेत्रीय केंद्र, गांधीनगर में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) स्कीम के तहत पैरा खेलों के लिए एक केंद्र स्थापित किया है। यह केंद्र एथलेटिक्स, तैराकी, पावरलिफ्टिंग और टेबल टेनिस (पैरा खेल) की खेल विधाओं के लिए कार्यशील है। चयनित एथलीटों को अनुमोदित स्कीम के मानदंडों के अनुसार विशेषज्ञ कोचों, खेल उपकरणों, भोजन और आवास सुविधाओं, खेल किट, प्रतिस्पर्धी एक्सपोजर, शैक्षणिक व्यय, चिकित्सा/ बीमा आदि के रूप में सहायता प्रदान की जाती है।

राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता स्कीम के तहत, पैरा एथलीटों सहित अभिज्ञात उदीयमान खिलाड़ियों/ टीमों को उनकी तैयारियों के लिए विदेशों में उनके प्रशिक्षण तथा भारत और विदेशों में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता के लिए वित्तीय सहायता के अतिरिक्त पौष्टिक आहार, उपकरण, अत्याधुनिक अवसंरचना, आवास, यात्रा सुविधाएं, ख्यातिप्राप्त भारतीय और विदेशी कोचों/ सहायक कर्मियों की सेवाएं, वैज्ञानिक और चिकित्सीय सहायता, खेल किट सहित सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। संबंधित एनएसएफ को प्रदान की गई निधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई):

(करोड़ रु.)

वर्ष	**आवंटित बजट**	**उपयोग की गई निधियां**
2018-19	6.03	6.35
2019-20	10.00	5.88
2020-21 और 2021-22	10.30	6.80 (अब तक)

अखिल भारतीय बधिर खेल परिषद (एआईएससीडी):

(करोड़ रु.)

वर्ष	**आवंटित बजट**	**उपयोग की गई निधियां**
2018-19	1.17	0.88
2019-20	2.00	1.13
2020-21	कोविड-19 महामारी के कारण कोई स्पर्धा आयोजित नहीं की गई थी	
2021-22	1.09	0.71 (अब तक)

स्पेशल ओलंपिक भारत (एसओबी):

(करोड़ रु.)

वर्ष	**आवंटित बजट**	**उपयोग की गई निधियां**
2018-19	5.26	2.56
2019-20	6.00	5.97
2020-21	0.38	0.36
2021-22	5.02	0.32 (अब तक)

टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के तहत, प्रतिभावान एथलीटों को चयनित किया जा रहा है और उन्हें आउट ऑफ पॉकेट भत्ता (ओपीए), उपकरण सहायता, कोचों आदि जैसी वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। एथलीटों को उनके नियमित मूल्यांकन के आधार पर टीओपीएस में बरकरार रखा जा रहा है। टोक्यो पैरालंपिक्स में भाग लेने वाले सभी 54 भारतीय पैरा एथलीटों को टीओपीएस स्कीम के तहत सहायता प्रदान की गई। टीओपीएस स्कीम के तहत पैरा एथलीटों के संबंध में उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(करोड़ रु.)

वर्ष	**व्यय**
2018-19	1.28
2019-20	3.05
2020-21	2.48
अप्रैल, 2021 - अब तक	2.81

इसके अतिरिक्त, खेलो इंडिया प्रतिभा पहचान स्कीम के तहत, प्रतिभावान खिलाड़ियों को चयनित किया जाता है और उन्हें मासिक ओपीए सहित (आउट ऑफ पॉकेट भत्ता) सहित उनके प्रशिक्षण, तैयारी के लिए सहायता प्रदान की जा रही है। वर्तमान में खेलो इंडिया प्रतिभा पहचान (केआईटीडी) के तहत 29 पैरा एथलीट हैं और उन्हें स्कीम के अनुसार सहायता प्रदान की जा रही है। एथलीटों को उनके नियमित मूल्यांकन के आधार पर बरकरार रखा जा रहा है। खेलो इंडिया स्कीम के ''दिव्यांगजनों के बीच खेलों का संवर्धन'' घटक के तहत, पिछले तीन वर्षों के दौरान आवंटित और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(करोड़ रु.)

वर्ष	**आवंटित बजट**	**किया गया व्यय**
2018-19	0.12	0.12
2019-20	00	00
2020-21	00	00

पैरा खेलो इंडिया एथलीटों (केआईए) को प्रदान की गई निधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(करोड़ रु.)

2018-19	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**कुल**
0.03	0.23	0.35	0.26 (अब तक)	0.87

*****